ಪ್ರೌಢಶಾಲಾ ಮುಖ್ಯೋಪಾಧ್ಯಾಯರ ಮತ್ತು ಪದವಿ ಪೂರ್ವ ಕಾಲೇಜು ಉಪಪ್ರಾಂಶುಪಾಲರ ಸಂಘ (ರಿ)
10ನೇ ತರಗತಿ ಅಭ್ಯಾಸ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ (2) - 2018

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ 46 | ವಿಷಯ: ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ : ಹಿಂದಿ | ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ 61H

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9.30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12.00ರವರೆಗೆ | CCE RF | ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 46 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

## खण्ड - क

## [ गद्य, पद्य और पूरक वाचन ]

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :-** 6x1=6

1. प्रेमचंद का जी क्यों ललचा उठा ?
2. भारत के वन-उपवन कैसे हैं ?
3. अब्दुल कलाम जी के बचपन में दुर्लभ वस्तु क्या थी ?
4. बसंत कैसा लड़का था ?
5. परसाई जी को क्यों आमंत्रित किया गया ?
6. परमाणु किसे देखकर काँपते हैं ?

**II. 7. स्तम्भ ' क ' के वाक्यांश के साथ स्तम्भ ' ख ' के सही वाक्यांश को जोड़कर लिखिए :-** 4x1=4

| क | ख |
|---|---|
| अ. जैनुलाबदीन | एवरेस्ट पर्वातारोही |
| आ. दया का मूल | आडंबरहीन व्यक्ति |
| इ. बुद्धिमान कंप्यूटर | कलाम के भाई |
| ई. बिछेंद्री पाल | धर्म |
| | घरेलू कामकाज |
| | मजदूरों के नेता |
| | अभिमान |

**III. प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :-** 4x1=4

8. नंद और यशोदा : गोरे हैं :: बालकृष्ण : ----------------------------
9. हिंदू : मंदिर :: मुसलिम : ------------------------------------
10. गिल्लू की आँखें : चमकीली :: गिल्लू की पूँछ : -----------------------
11. बसंत की सच्चाई : एकांकी :: ईमानदारों के सम्मेलन में : -----------------

ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ

ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆಯನ್ನು ತೆರೆಯಲು ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

Tear here

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :-** 11x2=22

12. महादेवी वर्मा जी ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ?
13. दोस्तों ने किन-किन जानवारों से मुलाकात की ?
14. सेब की हालत कैसी थी ?
15. गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता है ?
16. बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है ?
17. रोबोनिल ने रोबोजित को क्या समझाने की कोशिश की ?
18. बिछेंद्री का बचपन कैसे बीता ?
19. मातृभूमि का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?
20. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?
21. शनि अत्यंत ठंडा ग्रह है, कैसे ?

    अथवा

    शनि का निर्माण कैसे हुआ है ?
22. ' सत्य ' क्या होता है ? उसका रूप कैसे होता है ?

    अथवा

    नागरिकों के कोई तीन मूलभूत कर्तव्य लिखिए ।

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए :-** 4x5 = 12

23. पं. राजकिशोर के मानवीय गुणों का परिचय दीजिए ।
24. ' सोशल नेटवर्किंग ' एक क्रांतिकारी खोज है । बताइए ।
25. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?
26. इस दोहे का भावार्थ लिखिए :

    तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या विनय विवेक ।
    साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसो एक ॥

**VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच या छः वाक्यों में लिखिए :-** 2x4 = 8

27. कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला के बारे में अपने शब्दों में लिखिए ।

    अथवा

    कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

**28. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :-**

| | | |
|---|---|---|
| असफलता ----------------------------, | | मुखिया ------------------------------ । |
| ------------------------------------ । | **अथवा** | ------------------------------- विवेक ॥ |
| ------------------------------------, | | |
| -------------------------- भागो तुम । | | |

## खण्ड - ख

### [ व्याकरण ]

VII. **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें एकमात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर लिखिए :-** 8x1=8

29. ' पैसा ' शब्द का अन्य वचन रूप है -
A. पैसाएँ  B. पैसे  C. पैसायाँ  D. पैसों

30. ' हाथी ' शब्द का अन्य लिंग रूप है -
A. हाथिनी  B. हथिनी  C.हाथिन  D. हाथिया

31. ' चढ़ना ' शब्द का विलोम शब्द है -
A. जाना  B. आगे  C. अंदर  D. उतरना

32. इनमें दीर्घ संधि का उदाहरण है -
A. रवींद्र  B. महोत्सव  C. अत्यधिक  D. एकैक

33. ताजमहल कहाँ है ? - इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है -
A. अर्ध विराम  B. प्रश्नवाचक  C. पूर्ण विराम  D. अल्प विराम

34. इनमें बहिर्वीहि समास का उदाहरण है -
A. राम-लक्ष्मण  B. नवरात्री  C. राजमहल  D. त्रिनेत्र

35. इनमें प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है -
A. पढ़ना  B. पढ़वाना  C. बिठाना  D. लिखावट

36. राम ------- पत्नी सीता है । रिक्त स्थान में उचित कारक होगा -
A. का  B. की  C. को  D. के

## खण्ड - ग

### [ रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध ]

VIII. **निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** 4

प्राणीमात्र के जीने के लिए खाना-पानी ज़रूरी है । उसी तरह खुशी और शांत जीवन के लिए सबका मिल-जुलकर रहना ज़रूरी है । मिल-जुलकर रहने से हम एक-दूसरे का सुख-दुःख समझ सकते हैं । इससे आपस में सहायकता की प्रेरणा पैदा होती है । यही सहकार की बुनियाद है । इसी परस्पर सहकार की बुनियाद पर समाज की व्यवस्था टिकी हुई है। मसलन, गाँवों में किसान खेती-बारी में एक-दूसरे से मदद करते हैं । इसमें शारीरिक श्रम के अतिरिक्त रुपया-पैसा नहीं लगता । इस तरह एक-दूसरे की मदद करने की प्रणाली ही 'सहकार' है ।

37. प्राणीमात्र के जीने के लिए क्या ज़रूरी है ?
38. सुखी और शांत जीवन के लिए क्या ज़रूरी है ?
39. एक दूसरे का सुख-दुःख कैसे समझ सकते हैं ?
40. 'सहकार' किसे कहते हैं ?

**IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :-** 4x1 = 4

41. रामेश्वरम् प्रसिद्ध तीर्थस्थल है ।
42. बिछेंद्री का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था ।
43. कर्नाटक में चंदन के पेड़ विपुल मात्रा में हैं ।
44. सत्य एक विशाल वृक्ष है ।

X. 45. पाठशाला के वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए अपने पिताजी के नाम पत्र लिखिए । 4

अथवा

बीमारी के कारण बताते हुए दो दिनों की छुट्टी माँगकर अपने कक्षाध्यापक को छुट्टी पत्र लिखिए ।

**XI. 46. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15 - 20 वाक्यों में एक निबंध लिखिए ।** 4

(क) जनसंख्या की समस्या

- प्रस्तावना
- कारण
- दुष्परिणाम
- उपाय
- उपसंहार

(ख) पुस्तकालय

- प्रस्तावना
- महत्व
- लाभ
- उपसंहार

(ग) इंटरनेट

- प्रस्तावना
- अर्थ
- लाभ और हानियाँ
- उपसंहार

********